**भारत सरकार**
**खान मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.1148**
**दिनांक 08.02.2023 को उत्तर देने के लिए**

**लिथियम का खनन**

**†1148. डॉ. थोल तिरूमावलवन:**

क्या **खान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने भारत में लिथियम के खनन के लिए कोई अन्वेषण किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार की सार्वजनिक या निजी या सार्वजनिक निजी भागीदारी के माध्यम से विदेशों में लिथियम खानों के अधिग्रहण की कोई योजना है; और

(घ) यदि नहीं, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**खान, कोयला एवं संसदीय कार्य मंत्री**
**(श्री प्रल्हाद जोशी)**

(क) और (ख): पिछले पांच वर्षों के दौरान, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण [जीएसआई], खान मंत्रालय का एक संबद्ध कार्यालय ने लिथियम और संबद्ध तत्वों पर आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, जम्मू और कश्मीर, मध्य प्रदेश, मेघालय और राजस्थान में 20 परियोजनाएं शुरू की हैं। कार्यसत्र कार्यक्रम 2022-23 के दौरान, जीएसआई ने लिथियम और संबद्ध तत्वों पर अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू और कश्मीर, झारखंड, मेघालय, नागालैंड, राजस्थान में 18 परियोजनाएं शुरू की हैं। तथापि, जीएसआई द्वारा अभी तक लिथियम के संसाधन को संवर्धित नहीं किया गया है। मिनरल एक्सप्लोरेशन एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड, खान मंत्रालय के अधीन केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का एक उद्यम ने लद्दाख में लिथियम के लिए एक गवेषण परियोजना शुरू की है। इसके अतिरिक्त, परमाणु खनिज गवेषण और अनुसंधान निदेशालय, परमाणु ऊर्जा विभाग की एक घटक इकाई मंड्या और यादगीर जिले, कर्नाटक के कुछ हिस्सों में लिथियम का गवेषण कर रहा है।

(ग) और (घ) : जी, हां। खनिज बिदेश इंडिया लिमिटेड (काबिल), खान मंत्रालय के अधीन केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के तीन उद्यमों का एक संयुक्त उद्यम अर्जेंटीना और ऑस्ट्रेलिया में लिथियम खानों में निवेश के अवसर खोज रहा है।

***